Bareilly, Sunday,
4 December 2022
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 6 MIDDLE

शुभि नरेंद्र शर्मा का यूपी अंडर 19 टीम में चयन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (3 Dec): एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी की खिलाड़ी शुभि नरेंद्र शर्मा का यूपी अंडर 19 क्रिकेट टीम में चयन हुआ है. कोच मनीष सिंह ने बताया कि शुभी आक्रमक बल्लेबाजी करती हैं. उनके चयन पर एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है और उन्हें उम्मीद है कि महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल, जम्मू कश्मीर और बिहार के खिलाफ उ.प्र. टीम की सदस्य बनेंगी और आक्रामक खेल दिखाएंगी. मनीष ने बताया कि उ.प्र. टीम सात दिसंबर को महाराष्ट्र, आठ को तमिलनाडु, 10 को केरल, 12 को जम्मू कश्मीर और 14 दिसंबर को बिहार के खिलाफ पुणे में एक दिवसीय मैच खेलेगी. शुभी को इस उपलब्धि पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति, बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना, अध्यक्ष सरफराज वली खां ने बधाई दी.